# जमीनी स्तर पर संवाद ही असली ताकत

## पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सिंह ने बीना के गोदना चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं




नवभारत न्यूज

**बीना 20 जनवरी. पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बीना के गोदना ग्राम पंचायत में चौपाल लगाई. उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीनी स्तर पर संवाद ही कांग्रेस की असली ताकत है.**

श्री सिंह ने कहा कि संगठन अभी तक ब्लॉक स्तर तक सीमित था. किंतु अब मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे मध्य प्रदेश में पंचायत समिति गठन किया जाएगा. ग्राम गढ़ा पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया जा रहा है, श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा को खत्म कर अधिकार को छीन रही है, आपकी ग्राम पंचायत के अधिकार को भी दरकिनार किया जा रहा है राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाला जा रहा. उन्होंने बीना में उपचुनाव को लेकर तैयार रहने को कहा ऐसे लोगों को आपको सबक सिखाना है, यह बात ग्राम गोदना में चौपाल के दौरान श्री सिंह ने कहीं.

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में युवा बेरोजगार भटक रहा है ना उसे रोजगार है ना ही कोई काम किसान को उसके उपज का मूल्य नहीं मिल रहा है.

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के शासनकाल में शिक्षाकर्मी सचिव, स्वास्थ्य कर्मी जैसी पदों पर पूरे मध्य प्रदेश में भरती की गई थी, तेल शोधक रिफाइनरी में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है.

जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने ग्राम पंचायत गढ़ा पंचायत कांग्रेस समिति का ग्रामवासियों की सहमति सें गठन किया और उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों से जिले की सभी पंचायत समितियों के गठन करने की बात कही. पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंहबीना पहुंचे. उन्होंने एक निजी होटल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने कहा कि बीना से कांग्रेस के टिकट पर जीतीं विधायक निर्मला सप्रे अब भाजपा के मंच पर दिख रही हैं, जिससे उपचुनाव की स्थिति बन रही है, कांग्रेस इसके लिए पूरी तरह तैयार है और जनता दोबारा मौका मिलने पर कांग्रेस पार्टी को समर्थन देगी. उन्होंने बीना रिफाइनरी में स्थानीय लोगों को रोजगार न मिलने का मुद्दा भी उठाया. इस दौरान विदिशा जिला अध्यक्ष मोहित सिंह रघुवंशी, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी, जिला महामंत्री संगठन आशीष ज्योतिषी, सूर्या शुक्ला, पीपी नायक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर, अनुराग ठाकुर शहर अध्यक्ष, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी, रामकिशन अहिरवार, प्रमोद राय, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक परिहार, हरविंदर सिंह चावला साकिर खान भावसिंह यादव, राजकुमार लोधी , विनोद पोरिया, विक्रांत गोलंदाज, लालू अहिरवार, शिवानी बोद्ध, ममता अहिरवार, एड.उमा नवैया, खुशीलाल अहिरवार, शिवकुमार चढ़ार, मोहिनी कश्यप, पार्षद रिचा सिंह, ताहिर खान, चमन अंसारी सहित कांग्रेस जन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे.

# मूल नस्ती न मिलने से भुगतान लंबित

## स्मार्ट सिटी ठेकेदार ने जिला प्रशासन पर लगाए दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के आरोप

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी. सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय में मूल नस्ती न मिलने से ठेकेदार का भुगतान लंबे समय से नहीं हो पा रहा है. संबंधित ठेकेदार ने प्रशासन पर दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए अवैध उत्खनन के मामले में की गई कार्रवाई को अनुचित बताया है.**

ठेकेदार अजय सिंह लोधी ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि उसके द्वारा स्मार्ट सिटी सागर के अंतर्गत किए गए कार्यों की राशि 10 करोड़ 82 लाख रुपए बकाया है. जिसके लिए उसने जब स्मार्ट सिटी ने संपर्क किया तो पहले तो कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी भुगतान करने का आश्वासन देते रहे. मगर जब भुगतान नहीं हुआ तो श्री लोधी द्वारा आरटीआई में जानकारी मांगी गई. जानकारी में स्मार्ट सिटी सीईओ ने मेसर्स अजय बिल्डकॉन को पत्र के माध्यम से बताया कि जिला पंचायत सीईओ और परियोजना प्रबंधक बीना पीएमयू तथा जिला कोषालय अधिकारी द्वारा कार्यालय की छह नस्तियां अपने साथ ले गए थे. जो कि कार्यालय को वापिस नहीं मिली हैं, आपके द्वारा किए गए निर्माण कार्यों की नस्ती उपलब्ध नहीं होने से अग्रिम कार्रवाई भी नहीं हो पा रही है. श्री लोधी ने कहा कि इसकी शिकायत पीएमओ कार्यालय के पीजी पोर्टल और प्रदेश सरकार के भी विभागी मंत्री सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं.

### 7 दिन में अनुमति निरस्त

श्री लोधी ने जिला प्रशासन की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के सबूत के रुप में बताया कि 31 दिसंबर 2025 को उनकी कंपनी के लिए नो इंट्री जोन परिक्षेत्र सागर में जनवरी 2026 में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए वाहन परमिट जारी किए गए थे. मगर 8 जनवरी 2026 को जिला प्रशासन द्वारा समस्त जारी परमिटों को सुरक्षा की दृष्टि से निरस्त कर दिया गया था. उन्होने बताया कि इसी प्रकार पिछले दिनों बांसा सरखेड़ी मार्ग पर निर्माण के दौरान खनिज विभाग से खनन की अनुमति प्राप्त करने के बावजूद एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है जिसको उन्होने अनुचित बताया है. श्री लोधी ने कहा कि उनके द्वारा वैद्य भुगतान के लिए न्यायालय की शरण में भी जाना पड़ा है.

### एक नजर में



**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह**

**सागर.** जिला सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान समारोह कार्यक्रम विवेकानंद वार्ड मंगल भवन में पार्षद डॉ. याकृति जड़िया द्वारा रखा गया. कार्यक्रम में जिला सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद जड़िया, मंत्री महेश सोनी, कोषाध्यक्ष बृजेश सोनी, चुनाव संचालक पवन जड़िया, वृंदावन सोनी, गोपाल सोनी,राजू बम का सम्मान निमेश जड़िया ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया. कार्यक्रम में राजेंद्र जड़िया, द्वारका जड़िया, लक्ष्मी नारायण जड़िया, विनीत नेपाली, शीतल सोनी उपस्थित रहे. कार्यक्रम आयोजक डॉ. याकृति जड़िया ने आभार माना.



**कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा**

**राहतगढ़.** कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ निर्मल सिंह राठौर को ज्ञापन देकर मडिया डेम से बीना नदी में जल छोड़े जाने, परिषद की बैठकों में स्वीकृत प्रस्तावो के कार्य प्रारंभ करने एवं नगर परिषद पीआईसी बैठक शीघ्र आयोजित करने सहित अन्य बिंदुओं को लेकर मांग की. इस दौरान नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू राय, पार्षद पुष्पेंद मीणा, लालमियां कुरैशी, अनिल ताम्रकार, राजू अहिरवार, सलाम कुरैशी, रुस्तम शाह आदि मौजूद थे.



**मांग पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं, ज्ञापन सौंपा**

**सागर.** जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष एवं मकरोनिया नगर पालिका 18 नंबर वार्ड पार्षद सीमा चौधरी के नेतृत्व में वार्ड की विभिन्न समस्याओं को लेकर कमिश्नर के नाम ज्ञापन वार्डवासियों के साथ कलेक्टर को दिया गया. ज्ञापन में मांग की गई की वार्ड में विगत वर्षों में 15 प्रस्ताव निर्माण कार्य के लिए मांग पत्र नगर पालिका मकरोनिया को दिए जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. मांग पत्र के विपरीत 61 लाख के काम स्वीकृत किए जिस पर ठेकेदार एवं नगर पालिका के अधिकारियों की मिली भगत से लगभग 26 लाख के कार्य पूर्ण हुए हैं और निर्माण कार्य अधूरे पड़े जिसका भुगतान नपा द्वारा ठेकेदार को कर दिया है जिस पर वार्ड वासियों ने आपत्ति जताई है. इस दौरान पूर्व सरपंच बड़तूमा कमलरानी आदिवासी, पूर्व सरपंच भूपेंद्र गोड़, जमुना प्रसाद पांडे, अशोक यादव कुलदीप यादव, दशरथ अहिरवार, बाबूलाल अहिरवार, कमल चौधरी आदि मौजूद थे.



**फेरी लगाने पहुंचे मजदूरों से अभद्रता**

**सागर.** जैसीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोघरी के पास फेरी लगाकर रोजी-रोटी कमाने पहुंचे राहतगढ़ निवासी मजदूरों के साथ कथित रूप से अपमान और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप है. पीड़ितों के अनुसार राहतगढ़ निवासी नूरमियां कुरैशी और मुबीन मोटरसाइकिल पर सामान रखकर ग्रामीण क्षेत्रों में फेरी लगाने गए थे. जब वे ग्राम घोघरी के समीप पहुंचे, तभी कथित रूप से विक्रांत ठाकुर, छोटू राजपूत और धर्मेंद्र चौबे ने उनकी गाड़ी रोक ली. घटना को लेकर तंजीम कमेटी राहतगढ़ एवं जमीयत उलमा-ए-हिंद के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने राहतगढ़ एसडीओपी एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में संबंधितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है.

# टोल प्लाजा पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी पकड़े

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी. सागर-जबलपुर स्टेट हाइवे पर सानौधा क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के पास फायरिंग करने वाले दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी आशीष दुबे की रिपोर्ट के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. प्रकरण में आरोपी राजेन्द्र दुबे एवं एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को नामजद किया गया था. दोनों आरोपीगणों द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण किया गया, जिसके पश्चात उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया.

घटना में प्रयुक्त पिस्टल की तलाश हेतु छानबीला डेम एवं आरोपी के निवास स्थान पर सघन सर्च अभियान चलाया गया. आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त की गई फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी 07 सीएच 4112 भी पुलिस द्वारा जब्त की गई.

# खाली कुर्सी-भरी कुर्सी का फैसला आज

## देवरी नपा अध्यक्ष पद के लिए हुआ था मतदान, ईव्हीएम में कैद किस्मत खुलेगी

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी. देवरी नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान के बाद ईव्हीएम में बंद किस्मत का फैसला बुधवार की सुबह खुल जायेगा. खाली कुर्सी भरी कुर्सी के लिए हुए मतदान के बाद तय हो जायेगा कि अध्यक्ष कौन बनेगा.**

मालूम हो कि देवरी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन के खिलाफ स्थानीय पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजा गया था. जिसके बाद ही खाली कुर्सी भरी कुर्सी के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया था. कल सोमवार को हुए मतदान में देवरी 15 वार्डों में बनाए गए 30 मतदान केंद्रों पर 69.29 प्रतिशत मतदान हुआ था. कुल मतदाता 19 हजार 248 में से 13,337 मतदाताओं ने मताधिकार किया था. कल 21 जनवरी बुधवार की सुबह 8.00 बजे से नेहरु कॉलेज देवरी में मतगणना शुरु होगी. जिसके परिणाम भी जल्द सामने आ जायेंगे.

लगभग दो माह पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती जैन के कार्यकाल में हुई खरीदी की जांच रिपोर्ट में अनियमितताएं पाए जाने पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पद से हटा दिया गया था. जिसके बाद शासन स्तर से ही पार्षदों में से अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया था. मगर न्यायालय से स्थगन के बाद पुन: श्रीमती जैन अध्यक्ष बन गई थीं और प्रदेश भाजपा द्वारा उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था.

### स्कूल प्राचार्यों की बैठक

**सागर.** बीना में एसडीएम विजय डहेरिया द्वारा सभी अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य एवं संचालकों की बैठक उत्कृष्ट विद्यालय बीना में आयोजित की गई. बैठक में सभी संचालकों को मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम और उनके अंतर्गत निहित नियमों की बारीकी से जानकारी दी गई सभी संस्थाओं को यह अवगत कराया गया कि वह शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए विद्यालयों का संचालन करें, मुख्य रूप से यह निर्देश दिए गए कि अभिभावकों और छात्राओं को किसी विशिष्ट दुकान से पाठ पुस्तक स्टेशनरी यूनिफॉर्म इत्यादि क्रय करने के लिए बाध्य ना करें.

# अल्प अवधि प्रशिक्षण रोजगार संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी. पंडित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अल्प अवधि प्रशिक्षण रोजगार में चित्रकला, गायन तथा सिलाई बुनाई का प्रशिक्षण असरार अहमद, सलमा खान तथा बलविंदर सिंह के द्वारा दिए गए.**

डॉ सरोज गुप्ता प्राचार्य ने कहा कि रोजगार युवाओं की प्राथमिकता है जिसे प्राप्त करने में प्रशिक्षण सहायता करते है. मुख्य अतिथि लीगल राइट काउंसिल ऑफ इंडिया की प्रदेशाध्यक्ष अनुश्री शैलेंद्र जैन ने कहा कि गुरु के प्रति समर्पण जीवन में सफलता का प्रमाण है जैसा कि स्वामी विवेकानंद जी के साथ रहा. जीवन में सफलता भौतिक संसाधनों से नहीं होती बल्कि चरित्र की प्रधानता से होती है. विशिष्ट अतिथि प्रकाश चौबे, डॉ मनीष जैन ने संबोधित किया. संचालन डॉ. अमर जैन तथा आभार डॉ प्रतिभा जैन ने माना. कार्यक्रम में डॉ संगीता मुखर्जी, अभिलाषा जैन डॉ रेणु सोलंकी, सुरेन्द्र यादव, शैलेंद्र राजपूत, वरुण यादव, डॉ. संदीप सबलोक, डा. भानुप्रिया सहित महाविद्यालय परिवार के साथ अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे.

### वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया गया

**ललितपुर.** बानपुर क्षेत्रांतर्गत रहने वाली युवती ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है. बताया कि उसके नाम से रमाकांत कुशवाहा नाम के युवक ने नकली इंस्टाग्राम व फेसबुक आईडी बनाकर उसकी फोटो को गलत तरीके से डालकर समाज में बदनाम कर रहा है. आरोप है कि उक्त युवक उसे व्हाटसऐप पर गलत मैसेज भेजता है और उससे शादी करने का दबाव बनाते हुये जान देने और झूठा फंसवाने की धमकी देता है. युवती की तहरीर पर पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.

# सब्जी मंडी में साप्ताहिक अवकाश बंद करने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी. साग सब्जी कृषक कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष सुजीत मौर्य ने सब्जी उत्पादक कृषकों के साथ जनसुनवाई में कलेक्टर एवं मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा.**

उन्होंने ज्ञापन में लेख किया कि पूर्व गल्ला मंडी स्थित सब्जी मंडी परिसर में जिले के सभी तहसील-ब्लॉको के सब्जी उत्पादक कृषक सप्ताह के सातो दिन सब्जी का थोक एवं फुटकर विक्रय कर आजीविका चलाते आ रहे है.

बताया गया कि सब्जी मंडी में दो तरह की व्यवस्था है एक सब्जी उत्पाक कृषक है, दूसरे वह व्यापरी है जो इन सब्जी उत्पाक कृषक से सब्जी खरीदकर विक्रय करते है, इन व्यापारियों के द्वारा आदर्श थोक-फल सब्जी विक्रेता संघ के माध्यम से हर सोमवार साप्ताहिक अवकाश का निर्णय लिया है. उनके इस निर्णय का साक सब्जी उत्पादक कृषक कल्याण एसोसियेशन सागर समर्थन नहीं करती है, क्योंकि सब्जी उत्पादन निरंतर होता है, सब्जी एक दिन भी रोककर नहीं रखी जा सकती है एक दिन का अवकाश होने पर ताजी सब्जी खराब हो जायेगी.



# बिलहरा में अस्थाई दुकानदारों को मिलीं स्थाई पक्की दुकानें

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी.बिलहरा नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत अस्थाई दुकानदारों व गुमटी लगाने वालों के लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के द्वारा स्थाई दुकानों की व्यवस्था कराई गई है.**

बिलहरा में कई अस्थाई दुकानदारों को पक्की व सर्वसुविधायुक्त दुकाने मिली बिलहरा के लाभार्थी दुकानदारों ने मंत्री श्री राजपूत के निज निवास मातेश्वरी पहुंचकर आभार व्यक्त किया. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि किसी की मदद करने से ज्यादा बड़ा कार्य है उसे रोजगार उपलब्ध कराया जाए. दुकान में पहले अस्थाई रूप से दुकानदार दुकान लगाते थे अब उनके लिए पक्की और सुविधायुक्त दुकानें बनाई गई है जिससे अब अस्थाई दुकानदारों के लिए सारी समस्याओं से निजात मिली है.

### मुस्कान को गोल्ड मैडल



**सागर.** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाना है जिसमें छतरपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय से मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं अन्य दसवें स्थान तक के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे. इस दीक्षांत समारोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर की स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा मुस्कान साहू को मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा तथा अर्थशास्त्र विभाग से ही हेमराज पटेल ने मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त किया है.

# कनेरादेव में 24 हितग्राहियों को मिली चाबी




नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी. नगर पालिक निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कनेरादेव क्षेत्र में निर्मित आवासों के आवंटन की प्रक्रिया के तहत 24 हितग्राहियों को उनके आवासों की चाबियाँ सौंपी गई.**

इस अवसर पर महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि बहुत लंबी प्रतीक्षा के बाद आज हितग्राहियों को अपने स्वयं के घर का स्वामित्व प्राप्त हो रहा है, जो उनके जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और सम्मान का प्रतीक है.महापौर ने कहा कि कनेरादेव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए सभी आवास उच्च गुणवत्ता के हैं तथा इनमें बिजली, पानी, सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं.

महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि हितग्राहियों को सुरक्षित एवं टिकाऊ आवास मिल सके.उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि वे अपने आवासों की नियमित देखरेख करें एवं स्वच्छता बनाए रखें, साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम भविष्य में भी पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा. इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल, श्रीमती संगीता जैन, धमेंद्र खटीक, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी,प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, देवेन्द्र गर्ग, अंजू जैन उपस्थित थे.

# फुटपाथ गायब, पैदल चलना मुश्किल



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 जनवरी. सावरकर चौक स्थित अटा मंदिर से लेकर तालाबपुरा चौराहा तक का इलाका इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है.**

यह मार्ग कभी शहर की प्रमुख और सुगम सड़कों में गिना जाता था, लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां से गुजरना लोगों के लिए रोज की परेशानी बन चुका है. सड़क के दोनों ओर खड़ी गाड़ियों ने फुटपाथ को पूरी तरह खत्म कर दिया है, वहीं दुकानदारों ने दुकानों से बाहर कई फीट तक अतिक्रमण कर रखा है. नतीजा यह है कि पैदल चलने वालों के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा. मजबूरन लोग सड़क के बीच से निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है. यह समस्या केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे यह सामाजिक तनाव का कारण भी बनती जा रही है. भीड़ और तंग रास्तों के चलते आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों के बीच कहासुनी हो जाती है, जो कई बार झगड़े में बदल जाती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है.

# गुंडे-बदमाश, कटरबाजों पर पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जनवरी. सीएसपी ललित कश्यप के नेतृत्व में थाना मोतीनगर, कैंट, कोतवाली एवं गोपालगंज थाना क्षेत्रों में गुंडे-बदमाशों, कटरबाजों के विरुद्ध कार्यवाही की गई.**

इस विशेष अभियान के अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चिन्हित गुंडे-बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध सघन दबिश दी गई. अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच, पुराने कुल 10 अपराधियों की धरपकड़, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग तथा सार्वजनिक स्थानों पर गश्त की गई. एसपी विकाश कुमार शाहवाल ने निर्देशित किया है कि ऐसे सघन अभियान निरंतर जारी रहेंगे. एएसपी लोकेश कुमार सिन्हा एवं सीएसपी श्री कश्यप द्वारा मॉनिटरिंग की गई और दिशा-निर्देश दिए गए. सागर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अपराध या असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं गजल नानवानी पिता अनिल नानवानी निवासी-7, मंगलम विहार कॉलोनी, रजाखेड़ी मकरोनिया, जिला सागर म.प्र. सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गजल अनिल नानवानी दर्ज है जो कि मैंने बदल कर गजल नानवानी कर दिया है एवम मेरे सभी वर्तमान सरकारी दस्तवेजों में भी दर्ज है। अत: मैं सूचित करती हूं कि भविष्य में मुझे मेरे सही नाम यानि गजल नानवानी पिता अनिल नानवानी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता
गजल नानवानी पिता अनिल नानवानी
निवासी-7, मंगलम विहार कॉलोनी,
रजाखेड़ी मकरोनिया जिला व तहसील सागर म.प्र.


### सागर मौसम

अधिकतम 27 .1 (+2)
न्यूनतम 13 .5 (+3)
आर्द्रता :
सुबह/शाम : 80/51